रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

Registered No. D. (D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 41] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 11, 1975 (आश्विन 19, 1897)

No. 41] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 11, 1975 (ASVINA 19, 1897)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 17 सितम्बर 1975 तक प्रकाशित किए गए हैं—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 17th September 1975 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. & Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
170.	सं० 37/1/XIV/75/टी० दिनांक 4 सितम्बर 1976 No. 37/1/XIV/75/T dated the 4th September 1975	लोक सभा Lok Sabha	लोक सभा का सत्रावसान Prorogation of Lok Sabha
171.	सं० आर० एस० 1/3/75-एल०, दिनांक 4 सितम्बर 1975 No. R.S. 1/3/75-L dated the 4th September 1975	राज्य सभा Rajya Sabha	राज्य सभा का सत्रावसान Prorogation of Rajya Sabha
172.	सं० 35-ई० टी० सी० (पी० एन०)/75 दिनांक 6 सितम्बर 1975 No. 35-ETC(PN)/75 dated the 6th September 1975	वाणिज्य मन्त्रालय Ministry of Commerce	शुगर के निर्यात को सरणीबद्ध करना Export of Sugarcanalisation of
173.	सं० 91—आई० टी० सी० (पी० एन०)/75 दिनांक 6 सितम्बर 1975 No. 91-ITC(PN)/75, dated the 6th September 1975	वाणिज्य मन्त्रालय Ministry of Commerce	अफगानिस्तान से नारियल, काजू तथा खजूरों को छोड़ कर ताजे फलों का निर्यात। Import of fresh Fruits excluding coconuts, cashewnuts and dates from Afghanistan.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग पत्र भेजने पर भेज दी जायेंगी। मांग पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the Gazettes Extraordinary mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
174	सं० प्रति अदायगी/सा० सू०-67/75, दिनांक 8 सितम्बर 1975	वित्त मन्त्रालय	सार्वजनिक सूचना प्रति अदायगी पी० एन० 1 दिनांक 15 अक्तूबर 1971 का संशोधन।
	No. Drawback/PN-67/75 dated the 8th September, 1975	Ministry of Finance	Amendment of Public Notice No. drawback/P.N-1 dated the 15th October, 1971.
	सं० प्रति अदायगी/सा० सू०-68/75 दिनांक 8 सितम्बर 1975।	वित्त मन्त्रालय	सा० सू० सं० प्रति अदायगी/सा० सू० 64/75 दिनांक 20 अगस्त, 1975 का संशोधन।
	No. Drawback/PN-68/75, dated the 8th September 1975	Ministry of Finance	Correction in the Public Notice No. Drawback/PN-64/75, dated the 20th August 1975.
	सं० प्रति अदायगी/सा० सू०-69/75 दिनांक 8 सितम्बर 1975।	वित्त मन्त्रालय	सा० सू० सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-22/73 दिनांक 1 जून 1973 और सं० प्रति अदायगी/पी० एन० 26/74 दिनांक 1 जून 1974 में शुद्धियां करना।
	No Drawback/P.N.-69/75, dated the 8th September 1975	Ministry of Finance	Corrections in the Public Notices No. Drawback/P.N.-22/73 dated the 1st June 1973 and No. Drawback/P.N.-26/74 dated the 1st June 1974.
	सं० प्रति अदायगी/सा० सू०-70/75 दिनाक 8 सितम्बर 1975	वित्त मन्त्रालय	सा०सू० सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-5/72 दिनाक 15 जनवरी 1972 मे शुद्धि करना।
	No. Drawback/P.N.-70/75 dated the 8th September 1975	Ministry of Finance	Correction in Public Notice No. Drawback/P.N.-5/72 dated the 15 January 1972.
	सं० प्रति अदायगी/सा० सू०-71/75 दिनाक 8 सितम्बर, 1975	वित्त मन्त्रालय	सा० सू० स० प्रति अदायगी/ पी० एन० 1 दिनाक 15 अक्तूबर 1971 मे संशोधन।
	No. Drawback/P.N -71/75 dated the 8th September 1975	Ministry of Finance	Amendments in the Public Notice No. Drawback/P.N.-1 dated the 15th October 1971.
175	सं० एफ० 3 (77)-बी०/75 दिनाक 11 अगस्त, 1975 (प्रकाशन दिनांक— 9 सितम्बर, 1975)	वित्त मन्त्रालय	28 फरवरी, 1975 को संसद् मे प्रस्तुत 1975-76 के वार्षिक वित्तीय विवरण को सर्व-साधारण की सूचना के लिए प्रकाशित करना।
	No. F. 3(77)-B/75 dated the 11th August, 1975 (Date of Issue is 9th September, 1975)	Ministry of Finance	Publishing for general information the Annual Financial Statement for 1975-76 as presented to the Parliament on the 28th February, 1975.

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किय गया Issued by	विषय Subject
176.	सं० 156 (9)/74—पालिसी 1, दिनाक 10 सितम्बर, 1975	कृषि और सिचाई मन्त्रालय	खाद्य नीति बनाने और उसे कार्यान्वित करने मे, व्यापारियो और विधापन उद्योग का सहयोग प्राप्त करने के लिए उपायो पर, तथा चीनी, वनस्पति और खाने के तेलो के बारे मे नीति बनाने तथा उसे कार्यान्वित करने मे एव भण्डारण, विपणन, विधापन उद्योगो तथा पोषाहार सम्बन्धी कार्यक्रमो के विकास की योजनाओ से सम्बधित कार्यक्रमों पर सरकार को परामर्श देने के लिए एक नई सलाहकार परिषद् गठित करना।
	No. 156 (9)/74-PY. I, dated the 10th September, 1975	Ministry of Agriculture and Irrigation	Constituting a new Advisory Council to advise Government in formulation and implementation of food policy, on measures to secure Cooperation of Trade and processing industry and in formulation and implementation of policy regarding sugar, vanaspati and edible oils and on programmes relating to plans for development of storage, marketing and processing industry and nutrition programme.
177.	स० 92-आई० टी० सी० (पी० एन०)/ 75, दिनांक 11 सितम्बर, 1975।	वाणिज्य मन्त्रालय	एयर इडिया/इंडियन एयर लाइस के माध्यम से आयात।
	No. 92-ITC(PN)/75, dated the 11th September, 1975	Ministry of Commerce	Imports through Air India/ Indian Airlines
	स० 93-आई० टी० सी० (पी० एन०)/ 75, दिनाक 11 सितम्बर, 1975।	वाणिज्य मन्त्रालय	अप्रैल, 1975—मार्च, 1976 अवधि के लिए पजीकृत निर्यातको के लिए आयात नीति (संशोधन)।
	No. 93-ITC(PN)/75, dated the 11th September, 1975	Ministry of Commerce	Import policy for Registered Exporters for the period April 1975—March 1976 (Amendment).
178.	स० 94-आई० टी० सी० (पी० एन०)/ 75, दिनांक 12 सितम्बर, 1975।	वाणिज्य मन्त्रालय	भारत-अफगानिस्तान, व्यापार व्यवस्था, 1974-75 के अधीन प्रति सतुलन निर्यात आभारो को पूर्ण करने के लिए समय-सीमा मे वृद्धि और 1-4-75 से 31-3-1976 तक की अवधि के लिए अफगानिस्तान से ताजे फलों का आयात।
	No. 94-ITC(PN)/75 dated the 12th September, 1975	Ministry of Commerce	Extension of time limit for fulfilment of Counter export obligations under the Indo-Afghan Arrangements 1974-75 and Import of Fresh fruit from Afghanistan for the period 1-4-75 to 31-3-76

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
179.	सं० 95-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनाक 12 सितम्बर, 1975।	वाणिज्य मन्त्रालय	अप्रैल, 75—मार्च, 76 के लिए आयात नीति ।
	No. 95-ITC(PN)/75, dated the 12th September, 1975	Ministry of Commerce	Import policy for the year April, 1975—March, 1976.
	सं० 96-आर० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनाक 12 सितम्बर, 1975	वाणिज्य मन्त्रालय	अप्रैल, 1975—मार्च 1976 वर्ष के लिए आयात नीति।
	No. 96-ITC(PN)/75 dated the 12th September, 1975	Ministry of Commerce	Import policy for the year April, 1975—March, 1976.
180.	सं० 97-आई० टी० सी० (पी० एन०)/75, दिनाक 15 सितम्बर, 1975।	वाणिज्य मन्त्रालय	लाइसेंस अवधि—अप्रैल, 1975—मार्च, 1976 के लिए आयात नीति ।
	No. 97-ITC(PN)/75, dated the 15th September, 1975	Ministry of Commerce	Import policy for the licensing period April, 1975—March, 1976.
181.	सं० प्रति अदायगी/सू० ०-72/75, दिनांक 17 सितम्बर, 1975।	वित्त मन्त्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-1, दिनाक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन करना।
	No. Drawback/PN-72/75, dated the 17th September, 1975	Ministry of Finance	Making amendments in the Table published in the Public Notice No. DRAWBACK/PN-1, dated the 15th October, 1971.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	737
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1609
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1327
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित है) . .	2801
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	3639
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	463
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	8527
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	697
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल है . . .	1535
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	177

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	737
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1609
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1327
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bill and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	2801
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3639
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	463
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	8527
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	697
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1835
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	177

भाग I—खंड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 18 सितम्बर 1975

शुद्धिपत्र

आल इंडिया फाइन आर्टस एण्ड क्राफ्टस सोसाइटी हाल, रफी मार्ग, नई दिल्ली में डाकखाना बचत बैंक पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 31 जुलाई, 1975 को निकाले गए तीसरे ड्रा का परिणाम ।

सं० एफ० 2 (ii)—एन० एस०/75—इस मंत्रालय की 5 अगस्त 1975 की समसंख्यक अधिसूचना में घोषित चौथे पांच हजार रुपये के एक सौ पुरस्कारों की सूची की क्रम संख्या 90 के सम्बन्ध में विद्यमान प्रविष्टियों को निम्नलिखित द्वारा स्थानापन्न किया जाए ।

पुरस्कार	अखिल भारतीय कोड संख्या	डाकखाना बचत बैंक खाता संख्या	डाकखाना/ मुख्य डाकखाना	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
90	1446773	1068730	कालीकट	केरल

ए० वी० श्रीनिवासन, अवर सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

नियमावली

नई दिल्ली, दिनांक 11 अक्तूबर 1975

सं० ए०-12025/8/74-खान-2—निम्नलिखित पदों की भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1976 में ली जाने वाली सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नियमावली, कृषि व सिंचाई मन्त्रालय की सहमति से आम सूचना के लिए प्रकाशित की जा रही है :—

वर्ग—I (भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, इस्पात और खान मन्त्रालय में पद)

(i) भूवैज्ञानिक (कनिष्ठ) श्रेणी I और

(ii) सहायक भूवैज्ञानिक, श्रेणी II

वर्ग—II (केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, कृषि और सिंचाई मन्त्रालय में पद)

कनिष्ठ भू-जल वैज्ञानिक श्रेणी I

1. उम्मीदवार ऊपर लिखे किसी एक या दोनों वर्गों की प्रतियोगिता में भाग ले सकता है । आवेदक को चाहिए कि वह अपने आवेदन पत्र में, उन पदों का स्पष्ट उल्लेख करें जिनके बारे में वह प्राथमिकता के आधार पर विचार किए जाने का इच्छुक है ।

उपर्युक्त वर्ग/वर्गों में उल्लिखित जिन पदों के लिए उम्मीदवार प्रतियोगिता में भाग ले रहा है उनके लिए उसके द्वारा व्यक्त प्राथमिकता में परिवर्तन के अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक इस प्रकार के परिवर्तन का अनुरोध लिखित परीक्षा के परिणाम की घोषणा से 15 दिन के भीतर संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्राप्त नहीं हो जाता ।

2. शुरु में परीक्षा के परिणाम पर नियुक्तियां अस्थायी आधार पर की जायेंगी, उम्मीदवार अपनी बारी से स्थायी रिक्ति होने पर स्थायी नियुक्ति पाने के हकदार होंगे ।

3. परीक्षा परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी परीक्षा नोटिस में दी जाएगी । अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए पदों का आरक्षण सरकार द्वारा नियत संख्या के अनुसार किया जाएगा ।

अनुसूचित जातियों/जनजातियों से तात्पर्य ऐसी उन जातियों से है जिनका उल्लेख संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950; संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950; संविधान (अनुसूचित जाति) (केन्द्र शासित प्रदेश) आदेश 1951; संविधान (अनुसूचित जनजाति) (केन्द्र शासित प्रदेश) आदेश 1951 में किया गया है और जिनका अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सूची (संशोधन) आदेश 1956, बम्बई मान्यता अधिनियम 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम 1970 तथा उत्तरी पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम 1971; संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश 1956, संविधान, (अंडमान नीकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश 1959, संविधान (दादरा व नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश 1962, संविधान (दादरा व नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति

आदेश 1962, सविधान (पाडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश 1964, सविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, सविधान (गोवा दमन व दिव) अनुसूचित जन-जाति आदेश, 1968, सविधान (गोवा दमन व दिव) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1968 तथा सविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970 द्वारा सशोधन किया गया है।

4 सघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस नियमावली के परिशिष्ट-I मे निर्धारित ढग से परीक्षा ली जाएगी।

परीक्षा की तारीखो और स्थानो का निश्चय आयोग द्वारा किया जाएगा।

5 उम्मीदवार या तो —

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा हो

(ग) भूटान की प्रजा हो या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत मे स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले आ गया हो, या

(ङ) भारत का मूल निवासी हो और भारत मे स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और पूर्व अफ्रीकी देशो कीनिया, उगाडा और सयुक्त गणराज्य तन्जानिया से आया हो।

परन्तु ऊपर (ख) (ग) (घ) व (ङ) श्रेणियो के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवारो के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र होना चाहिए।

ऐसी उम्मीदवार को, जिसके लिए पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो, भी परीक्षा मे बैठने दिया जा सकता है और उसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है बशर्ते कि उसे सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा हो।

6 (क) इस परीक्षा के लिए उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी, 1976 को 21 वर्ष से कम नही होनी चाहिए तथा 30 से अधिक नही होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1946 से पूर्व तथा 1 जनवरी, 1955 के बाद न हुआ हो।

यदि किसी उम्मीदवार का जन्म 2 जनवरी, 1946 से पूर्व का है किन्तु 2 जनवरी, 1945 से पूर्व का नही है, तो विशेष मामले के रूप मे वह भी इस परीक्षा मे प्रवेश का पात्र होगा। यह रियायत केवल 1976 की परीक्षा के लिए होगी।

(ख) ऊपरी आयुसीमा मे निम्नलिखित वर्गों के उन सरकारी कर्मचारियो को 4 वर्ष की छूट दी जाएगी जो नीचे कालम मे उल्लिखित विभाग मे काम करते हो और कालम II मे वर्णित तत्सम्बन्धी पद (पदो) के लिए आवेदन करे।

(i) वह उम्मीदवार जो किसी विभाग विशेष मे स्थायी पद पर स्थायी हो।

(ii) वह उम्मीदवार, जो 1 जनवरी, 1976 को कम से कम 3 वर्ष से लगातार किसी विशेष विभाग मे अस्थायी रूप से काम कर रहा हो।

तीन वर्ष की लगातार सेवा की गणना के लिए भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण सस्था तथा केन्द्रीय भू-जल बोर्ड दोनो मे की गई सेवा को शामिल किया जाएगा बशर्ते कि सेवा मे किसी प्रकार का व्यवधान न हुआ हो।

कालम I	कालम II
भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण सस्था	भूवैज्ञानिक (कनिष्ठ) श्रेणी I, सहायक भूवैज्ञानिक श्रेणी-II
केन्द्रीय भू-जल बोर्ड	कनिष्ट भू-जल वैज्ञानिक, श्रेणी-I सहायक भू-जल वैज्ञानिक श्रेणी-II

6 (ग) निर्धारित ऊपरी आयु-सीमा मे नीचे लिखी छूट दी जा सकती है —

(i) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है तो अधिक मे अधिक पाच वर्ष की छूट।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है और 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले उसने भारत मे प्रव्रजन किया है तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और वह भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है जिसने 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद लेकिन 25 मार्च, 1971 से पहले भारत मे प्रव्रजन किया है तो उसे अधिक से अधिक आठ वर्ष की छूट।

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलका से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक मूल निवासी है और उसने अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत मे प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष की छूट।

(v) यदि उम्मीदवार श्रीलका से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक मूल निवासी है और उसने अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद भारत मे प्रव्रजन किया हे और वह अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का भी

हो जो उसे अधिक से अधिक आठ वर्ष की छूट ।

(vi) यदि उम्मीदवार भारत का मूल निवासी है और उसने केन्या, यूगान्डा और तन्जानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट ।

(vii) यदि उम्मीदवार बर्मा से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक मूल निवासी है और उसने 1 जन 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष की छूट ।

(viii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और वह बर्मा से प्रत्यावर्तित भारत का वास्तविक निवासी भी है और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया है तो अधिक से अधिक आठ वर्ष की छूट ।

(ix) ऐसे उम्मीदवार के लिए अधिकतम 3 वर्ष, जो भूतपूर्व पुर्तगाल शासित गोवा, दमन व दियु का निवासी था ।

(x) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक, जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए ।

(xi) रक्षा सेवा के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक, जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए और जो अनुसूचित जातियां या अनुसूचित आदिम जातियों के हैं ।

(xii) सीमा सुरक्षा दल के उन कर्मचारियों के लिए अधिकतम तीन वर्ष तक जो 1971 के भारत पाक युद्ध में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए और परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए, तथा

(xiii) सीमा सुरक्षा दल के उन कर्मचारियों के लिए अधिकतम आठ वर्ष तक, जो 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान फौजी कार्रवाई में विकलांग हुए और परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए तथा जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति के हैं ।

उपर बताई गई स्थितियों को छोड़कर अन्य किसी भी स्थिति में उपर निर्धारित आयु-सीमाओं में छूट नहीं दी जा सकती ।

ध्यान दें —(i) यदि कोई व्यक्ति ऊपर दिए गए नियम 6(ख) में वर्णित आयु को रियायत के अधीन परीक्षा में बैठने की अनुमति पाता है तो उसकी उम्मीदवारी उस स्थिति में रद्द की जा सकती है यदि वह आवेदन-पत्र देने के बाद सेवा से त्यागपत्र दे देता है या परीक्षा देने के बाद अथवा उससे पहले उसके विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं । लेकिन यदि अपना आवेदनपत्र देने के बाद उसके पक्ष में उसकी छटनी कर दी जाती है तब उस स्थिति में उसकी उम्मीदवारी रद्द नहीं की जाएगी ।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार अपने विभाग को आवेदन-पत्र देने के बाद किसी अन्य विभाग या कार्यालय में स्थानांतरित हो जाता है तो वह विभागीय आयु छूट के अधीन इस पद/इन पदों के लिए प्रतियोगी हो सकता है जिसके लिए वह स्थानान्तरण न होने पर प्रतियोगी होता , बशर्ते कि उसका आवेदन-पत्र उसके मूल विभाग द्वारा विधिवत अनुशंसा के साथ अग्रेषित किया गया हो ।

7 उम्मीदवार के पास निम्नलिखित योग्यता होनी चाहिए —

(क) भारत के केन्द्रीय या राज विधान मंडल के अधिनियम द्वारा नियमित विश्वविद्यालय से या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किसी अन्य शैक्षिक संस्था से या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के समकक्ष घोषित किसी संस्था से भूविज्ञान में एम० एस० सी० डिग्री, अथवा

(ख) भारतीय खान स्कूल, धनबाद से प्रयुक्त भूविज्ञान में एसोसिएटशिप का डिप्लोमा ।

नोट 1—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठा हो जिसे पास कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है पर अभी उसे उस परीक्षा परिणाम की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है । यदि कोई उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो तो वह भी आवेदन कर सकता है । इस प्रकार के उम्मीदवार को, यदि वह अन्य शर्तें पूरी करता हो तो, परीक्षा में बैठने दिया जाएगा किन्तु परीक्षा में बैठने की वह अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी और यदि उम्मीदवार अर्हक परीक्षा में पास होने का प्रमाण-पत्र जल्दी और हर हालत में 30 सितम्बर 1976 तक प्रस्तुत नहीं करता तो उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा ।

नोट 2—अपवादित मामलों में, यदि किसी उम्मीदवार के पास नियम में निर्धारित कोई योग्यता नहीं है तो आयोग उस उम्मीदवार को शैक्षणिक रूप से योग्य मान सकता है बशर्ते कि उसने ऐसी अन्य संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली परीक्षाएं उत्तीर्ण की हों जिनका स्तर आयोग की राय में इस परीक्षा में बैठने के लिए उपयुक्त हो ।

नोट 3—जिन उम्मीदवारों ने अपनी डिग्री किसी विदेशी विश्वविद्यालय से ली हो, और जो अन्य शर्तें पूरी करते हों वे भी आयोग को आवेदन पत्र भेज सकते हैं और आयोग यदि उचित समझे तो उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दे सकता है।

8 उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के अनुबंध-I में निर्धारित शुल्क देना होगा।

9. जो उम्मीदवार पहले से ही स्थायी या अस्थायी रूप से सरकारी सेवा में हो, अथवा वर्कचार्ज कर्मचारी (आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी को छोड़कर) हो, उसे अपना आवेदन पत्र अपने विभाग या कार्यालय के अध्यक्ष की मार्फत भेजना चाहिए, जो आवेदन प्रपत्र के अन्त में दिए गए प्रमाणक को भर कर आयोग को भेज देगा। ऐसी उम्मीदवार को चाहिए कि वह अपने आवेदन पत्र की अग्रिम प्रति सीधे आयोग को भेज दे। उस अग्रिम प्रति के साथ यदि निर्धारित शुल्क जमा किया होगा तो उसे अनन्तिम रूप से स्वीकार कर लिया जाएगा परन्तु मूल आवेदन पत्र सामान्यत अंतिम तारीख के बाद 15 दिन के भीतर आयोग के पास पहुंच जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति, जो पहले से ही सरकारी सेवा में है, निर्धारित फीस के साथ आवेदन की अग्रिम प्रति नहीं भेजता है अथवा उसके द्वारा भेजा गया अग्रिम आवेदन पत्र अंतिम तारीख को या उससे पूर्व आयोग के कार्यालय में नहीं पहुंचता है तो अपने विभाग या कार्यालय अध्यक्ष की मार्फत प्रस्तुत उसके मूल आवेदन पत्र पर, यदि वह भी अंतिम तारीख के बाद आयोग के कार्यालय में पहुंचता है, विचार नहीं किया जाएगा।

10. परीक्षा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

11. किसी भी उम्मीदवार को आयोग से प्राप्त प्रवेश-प्रमाण पत्र के बिना परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

12. यदि किसी उम्मीदवार को निम्नलिखित में से किसी बात के लिए आयोग द्वारा दोषी ठहराया गया हो—

(i) किसी जरिए से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना , या

(ii) किसी दूसरे व्यक्ति की जगह परीक्षा देना , या

(iii) किसी अन्य व्यक्ति का नाम धारण करना, या

(iv) जाली प्रमाण पत्र आदि पेश करना या प्रमाण पत्रों आदि में फेरबदल करना, या

(v) गलत या झूठे विवरण देना अथवा कोई महत्वपूर्ण जानकारी छिपाना, या

(vi) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता बरतना या अनुचित उपाय अपनाना, अथवा

(vii) परीक्षा भवन में नकल आदि करना, या

(viii) परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार करना, या

(ix) पूर्ववर्ती धाराओं में उल्लिखित किसी या सभी वर्जित काम करने का प्रयास करना अथवा आयोग को उत्तेजित करना , तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के अलावा उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा के लिए अनर्ह घोषित किया जा सकता है जिसके लिए वह उम्मीदवार है ; अथवा

(ख) उसे सदैव के लिए या किसी नियत अवधि के लिए—

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रत्येक परीक्षा या चयन से आयोग तथा;

(ii) सरकार के अधीन किसी भी रोजगार के लिए केन्द्र सरकार अपात्र घोषित कर सकती है, तथा

(ग) यदि वह पहले से ही सरकारी सेवा में है तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उसके खिलाफ अनुशासन की कार्यवाही की जा सकती है।

13. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त कर लेता है, उसे आयोग द्वारा व्यक्तित्व परीक्षा के लिए साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।

14 परीक्षा के बाद आयोग प्रत्येक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिए गए कुल अंकों के आधार पर उनके योग्यताक्रम से उनके नामों की सूची बनाएगा और इस परीक्षा परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों पर भर्ती के लिए योग्यताक्रम के अनुसार ऐसे उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा करेगा जो, परीक्षा में योग्य पाए गए हों।

परन्तु यदि अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए नियत पदों को, उनके लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या की सीमा तक सामान्य स्तर के आधार पर, नहीं भरा जा सकता है तो आयोग आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए सामान्य स्तर में छूट देकर नियुक्ति के लिए उनके नामों की अनुशंसा करेगा बशर्ते कि परीक्षा में योग्यताक्रम के स्थान के अतिरिक्त वे इस सेवा में नियुक्ति के लिए योग्य हों।

15. उम्मीदवारों को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग करेगा और परिणाम के संबंध में आयोग उनके साथ कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

16 परीक्षा परिणाम के आधार पर नियुक्तियां करते समय विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदनपत्र में व्यक्त प्राथमिकता का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाएगा।

17 परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाने से ही किसी उम्मीदवार को तब तक नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता जब तक कि सरकार समुचित जांच-पड़ताल के बाद इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि चरित्र और पूर्ववृत्त को देखते हुए वह उम्मीदवार हर प्रकार से पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त है।

18 उम्मीदवार को शारीरिक और मानसिक रूप से स्पष्ट होना चाहिए और उसमें ऐसा कोई शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह अपने पद से कर्त्तव्यों को कुशलतापूर्वक न निभा सके। यदि 'यथा स्थिति' सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षा के बाद उम्मीदवार के बारे में यह पता लगे कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता तो उनकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। जिन उम्मीदवारों की नियुक्ति की संभावना है केवल

उन्हीं की शारीरिक परीक्षा की जाएगी। स्वास्थ्य परीक्षा के समय उम्मीदवार को संबंधित चिकित्सा बोर्ड को 16 रु० फीस देनी होगी।

नोट:—बाद में निराश न होना पड़े, इस लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन स्तर के किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा लें। राजपत्रित पदों पर नियुक्ति से पहले उम्मीदारों की स्वास्थ्य परीक्षा होगी और उसके लिए जिस स्वास्थ्य का स्तर होना अवाश्यक है उसका ब्यौरा परिशिष्ट-II में दिया गया है। रक्षा सेवा में अपंग हुए भूतपूर्व कार्मिकों तथा 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान फौजी कारवाई में अपंग हुए और परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए सीमा सुरक्षा दल के कर्मचारियों को, पदों की अपेक्षाओं के अनुरुप स्तर में छूट दी जाएगी।

19. कोई भी ऐसा व्यक्ति सेवा में नियुक्ति का पात्र नही होगा :—

(क) जिसने किसी ऐसी महिला/पुरुष से विवाह किया हो अथवा विवाह करने का निश्चय किया जो जिसका पति/पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने अपनी पत्नी/पति के जीवित होते हुए किसी अन्य महिला/पुरुष से विवाह किया हो अथवा करने का निश्चय किया हो;

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट है कि इस प्रकार का विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष के वयक्तिक कानून के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य कारण है, तो वह इस नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकती है।

20. इस परीक्षा के द्वारा जिन पदों पर नियुक्ति की जाएगी उससे संबंधित सेवा भर्ती का सक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट III में दिया गया है।

ए० एस० देशपाडे,
अवर सचिव

परिशिष्ट—I

परीक्षा का कार्यक्रम इस प्रकार होगा :—

भाग 1:—नीचे के पैरा 2 में दिए गए विषयों में लिखित परीक्षा होगी।

भाग 2:—जिन उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षा के संबध में साक्षात्कार के लिए आयोग द्वारा बुलाया जाएगा, उसके पूर्णांक 200 होंगे (देखिए निम्न पैरा 7)

2. लिखित परीक्षा के लिए निम्नलिखित विषय होंगे :—

विषय	निर्धारित समय	पूर्णांक
(1)	(2)	(3)
(1) अंग्रेजी (निबन्ध और सार लेखन सहित)	3 घंटे	100
(2) सामान्य ज्ञान	2 घंटे	100
(3) सामान्य भू-विज्ञान, भूआकृति विज्ञान तथा संरचना भूविज्ञान	3 घंटे	200
(4) स्पष्ट विज्ञान, खनिज विज्ञान भूरसायन तथा शैल विज्ञान	3 घंटे	200
(5) स्तर विज्ञान तथा जीवाश्म विज्ञान	3 घंटे	200
(6) आर्थिक भूविज्ञान, भारतीय खनिज भंडार खनिज समन्वेषण तथा खनिज अर्थशास्त्र	3 घंटे	200
(7) जल विज्ञान	3 घंटे	200

ध्यान दें :—वर्ग 1 और वर्ग 2 अर्थात् दोनों वर्गों के पदों की परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को उपर्युक्त सभी सातों विषय लेने होंगे। केवल वर्ग 1 के पदों के लिए परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को केवल उपर्युक्त (1) से (6) तक विषय लेने होंगे तथा केवल वर्ग 2 के पदों के लिए परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों को उपर्युक्त (1) से (5) तक और क्रम संख्या (7) के विषय लेने होंगे।

3. सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अनिवार्यत: अंग्रेजी में लिखे जाएं।

4. उम्मीदवारों की सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने चाहिएं किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5. परीक्षा का पाठ्य विवरण और स्तर वही होगा जो संलग्न अनुसूची में विहित है।

6. आयोग को अपने निर्णय में परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक निर्धारित करने का अधिकार है।

7. व्यक्तित्व परीक्षा में उम्मीदवार की नेतृत्व क्षमता, पहले, बौद्धिक चाव, व्यवहार कुशलता तथा अन्य सामाजिक गुणो मानसिक व शारीरिक क्रियाशीलता, उसके व्यावहारिक उपयोग की शक्ति, चरित्र निष्ठा तथा परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने की योग्यता की जाच पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

8. सतही ज्ञान के लिए अंक नही दिए जाएंगे।

9. अस्पष्ट लिखावट के कारण लिखित विषयो के पूर्णांक के 5 प्रतिशत तक अंक काट लिए जाएंगे।

10. परीक्षा के सभी विषयों में क्रमिक, प्रभावी और ठीक अभिव्यक्ति के साथ-साथ संक्षेप में दिए गए उत्तरों को श्रेय दिया जाएगा।

अनुसूची

स्तर और पाठ्य-क्रम

अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान से सम्बद्ध प्रश्नपत्रों का स्तर वही होगा जिसकी विज्ञान के किसी स्नातक से उम्मीद की जाती है। भूविज्ञान के विषयो के प्रश्न पत्रों का स्तर लगभग भारतीय विश्वविद्यालय की एम० एस० सी० डिग्री स्तर के बराबर होगा और आमतौर पर प्रश्न इस प्रकार होंगे कि उनसे प्रत्येक विषय के मूल तत्व समझने में उम्मीदवार की योग्यता की परख की जा सके।

किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी ।

(1) अंग्रेजी (निबंध और सार लेखन सहित)

अंग्रेजी लिखने और समझने की शक्ति की जांच करने के लिए प्रश्न होंगे । सामान्यतः संक्षेप या सार लेखन के लिए लेखांश दिये जाएंगे ।

(2) सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान वर्तमान घटनाओं और प्रतिदिन के निरीक्षण तथा अनुभव की ऐसी बातों के वैज्ञानिक पक्ष का ज्ञान जिनकी आशा किसी भी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है जिसने विज्ञान के किसी विषय का विशेष अध्ययन न किया हो । इस प्रश्न पत्र में भारतीय इतिहास तथा भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर देने में उम्मीदवार बिना विशेष अध्ययन किए ही सक्षम होना चाहिए ।

(3) सामान्य भूविज्ञान, भू-आकृति-विज्ञान तथा संरचना भूविज्ञान

1. सामान्य भूविज्ञान : पृथ्वी का उद्भव, महाद्वीप और सागर—उनका विभाजन, विकास तथा उद्भव । महाद्वीपीय विस्थापन, सागर विस्तार तथा प्लेट—विवर्तनिकी की संकल्पना । प्राचीन जलवायु—शास्त्र और उनका महत्व, भू-संतुलन । पुरा चुम्बकीय विज्ञान, रेडियोधर्मिता और भूविज्ञान में उसका अनुप्रयोग । भूकालक्रम तथा पृथ्वी की आयु । भूकम्प विज्ञान तथा पृथ्वी की आन्तरिक स्थिति । उल्काश्म । विस्तीर्ण अभिनति तथा उनका वर्गीकरण । ज्वालामुखी क्रिया, द्वीप आर्क, गहन-सागर सुरंगें तथा समुद्रवर्ती टीला प्रवाल—भित्ति । भूस्थिरता । पर्वत रचना और भूख- जनक तथा पर्वत रचना कालक्रम ।

2. भूआकृति विज्ञान : मूल संकल्पना तथा महत्व, भू-आकृति प्रक्रिया तथा उनके मानक, भू-आकृति-क्रम तथा उनका निर्वचन । भारतीय उपमहाद्वीप की भू-आकृति विशिष्टताएं सथलाकृति तथा संरचना से इसका संबंध । तराई क्षेत्र विकास । भू-वर्तुल ।

3. संरचना भूविज्ञान : चट्टानों के भौतिक गुण धर्म प्रतिबल और विकृति दीर्घवृतज्ञ निरूपण । भ्रंशन और सिकुड़न—उनकी यांत्रिकी । प्राथमिक संरचनाएं तथा उनका महत्व । रेखांकन, परत-संरचना, तथा सभेद, पप्टोन—डायापिर तथा लवण गुम्बद। संस्तरों के शीर्षों और पेंदों को पहचानना । विषम विन्यास, पटल-विरूपण । शैल तन्तु विश्लेषण और इसका लेखाचित्र प्रदर्शन ।

4. क्रिस्टल विज्ञान, खनिज विज्ञान, शिला विज्ञान तथा भू-रसायन

(क) क्रिस्टल विज्ञान :

सत्रस्थिति तत्व तथा क्रिस्टल का वर्गीकरण । प्रक्षेपण, वर्तुलाकार तथा सभरूपी, कोसमापी । 32 श्रेणियां (पाइंट वर्ग) । विन्यास जाल और विन्यास वर्ग । एक्सरे क्रिस्टल विज्ञान के मूल सिद्धांन्त । युग्म तथा क्रिस्टल अपूर्णताएं ।

(ख) खनिज विज्ञान

(i) वर्णनात्मक

परमाणु संरचना । क्रिस्टल में पेकिंग और बोन्डिग । परमाणु प्रतिस्थापन्—किस्म संरचना भौतिकी विद्युत्, चुम्बकीय तथा खनिज के तापीय गुणधर्म । संरचना और सिलिकेट का वर्गीकरण निम्नलिखित खनिजों और वर्गों का अध्ययन :

आर्थो तथा रिंग सिलिकेट ।

आलिवीन वर्ग, गारनेट वर्ग, एपिडोट वर्ग तथा मेलिलाइट वर्ग । जर्कन, स्पीन, सिलिमिनाइट एंडालुसाइट, काइनाइट, टोपाज, स्टोरोलाइट, बेरिल कोर्डाराइट, टूरमेलिन ।

चेन सिलिकेट

पाइरोक्सीन वर्ग तथा एम्फीबोल वर्ग बुलस्टोनाइट तथा रोडोनाइट

शीट सिलिकेट

अभ्रक वर्ग, कनाराइट वर्ग तथा मिट्टी खनिज ।

सिलिकेट ढांचा

- फेल्सपार वर्ग, सिलिका खनिज, फेल्डसपेथोइड वर्ग, जोओलाइट वर्ग तथा स्केपालाइट वर्ग ।

गैर सिलिकेट

आक्साइड, हाइड्रोआक्साइड कार्बोनेट्स फास्फेट्स हैलाइड्स, सल्फाइड्स तथा सल्फेट्स ।

(ii) प्रकाशीय खनिज विज्ञान :

प्रकाशिकी के सामान्य सिद्धांन्त ; प्रकाशीय उपांग ; रिफ्रिनजेंस; वाई रिफ्रिजेंस लोप-कोण, पाइ क्रोइण; प्रकाशीय एक्सिघुसाइड, प्रकारीय कक्षकोण, प्रकाशकी अनुसंधान; विखंडन, प्रकाशनीय विषमताएं ।

सार्वभोम स्थिति और इसके उपयोग

(ग) शिला विज्ञान

(i) आग्नेय :

रूप संरचनाएं, बनावट और वर्गीकरण । महत्वपूर्ण वर्गों का वर्णन ग्रेनाइट, ग्रनोडाइराइट-डाइराइट, साइनाइट नेफलीन साइनाइट, गैबरो-पेरीडोराइट-ड्युनाइट । डोलेराइट तथा लैम्पोफायर्स पेगमेटाइट तथा एपलाइट । इजोलाइट और कारबोनेटाइट । राजोलाइट-ट्रेक्टाइट-छेसाइट । एंडेसाइट तथा बैसाइस्ट ।

सिलिकेट पद्धति में प्रावस्था नियत और संतुलन । दो अवयव तथा तीन अवयव पद्धतियां । क्रिस्टलीकरण का क्रम । प्रतिक्रया सिद्धान्त । मैगमा-वैसाल्टिक । मैगमा का क्रिस्टलीकरण । शिलाओं के प्रकार । समीकरण विभिन्न मानचित्र । ग्रेनाइट मोनोमिनरेलिक शैल, क्षारीय शैल, कार्बोनेटाइट, पैगमाटाइट और लम्पोफायर्स ।

(ii) तलछटी :

तलछट शैलों का वर्गीकरण और बनावट । तलछाटन का उद्भव । बनावट और संरचना । तल छट शैलों के महत्वपूर्ण वर्गों का अध्ययन तलछाटन का यांत्रिकी विश्लेषण । प्रक्षेपण की विधियां । तलछाटन का उद्गम स्थान । प्रक्षेपण पर्यावरण भारी खनिज तथा उनका महत्व लिथिफोकेशन तथा डाइजेनिसिस ।

(iii) **रूपांतरण**

कायांतरा के उपादान। किस्म, नियंत्रण संरचनाएं, ग्रेड तथा फेसिस। रूपांतरण भिन्नताएं। रासायनिक प्रतिस्थापन और ग्रेनाइटकरण, मिगमेटाइट, ग्रेन्यूलाइट चारनोकाइटस, एम्पोपोलाइट, चिस्ट, नाइस तथा हार्नफेल्स। मगमा तथा ओरोजेनी के संबंध में रूपांतरण।

(घ) भूरसायन

भूरसायन का क्षेत्र, तत्वों की कास्मिक बहुलता, पृथ्वी की प्राथमिक भूरसायन भिन्नताएं; तत्वों का भूरसायनिक वर्गीकरण। विभिन्न किस्म की शिलाओं में अनुरेखण तत्व। जलीय भूरसायन।

तलछाटन भूरसायन, भूरसायन क्रम तथा भूरसायन पूर्वेक्षण के प्रारंभिक सिद्धांत।

5. स्तरित शैल विज्ञान तथा जीवाश्म विज्ञान

1. स्तरित शैल विज्ञान :

स्तरित शैल विज्ञान के सिद्धांत और अभिधान। विश्व स्तरित शैल विज्ञान और जीवाश्म विज्ञान की रूपरेखा विभिन्न भूविज्ञान पद्धतियों और मुख्य पार्वतिक कालक्रम के ज्ञान सहित। गोंडवाना प्रणाली और गोंडवाना भूमि के अन्य भागों में इसकी समतुल्य बातों का ज्ञान।

भारतीय उप-महाद्वीप (भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश तथा श्रीलंका) का स्तरित शैल विज्ञान और जीवाश्म विज्ञान। मुख्य भारतीय कलाकृतियों का सहसंबंध तथा इन कलाकृतियों और संरचनाओं की आयु समस्याओं जैसे विन्ध्या ग्रुप, सैलाइन सीरीज, गोंडवाना हिमाच्छादन, दक्षिणी पठार, और क्रिटेशिसुस टेरशियर सीमा का आलोचनात्मक अध्ययन।

2. जीवाश्म विज्ञान :

(क) जीवाश्म, उनकी प्रकृति, परिरक्षण विधियां और उपयोग। आकृति विज्ञान, अवशेषकी का भूवैज्ञानिक इतिहास तथा कोरस, ग्रेचिओपोडस, लमेलिब्रांचिस, एसोनाइट्स, ग्रेस्ट्रोपोडस, ट्रिलो बाइट्स, इचोनोडर्म्स, ग्रेपटोलाइट्स तथा पोरामिनिफर्स।

(क) रीढ़दार जंतु : गोंडवाना और शिवालिक जीवजन्तुओं के विशेष उल्लेख के साथ रीढ़दार जानवरों के प्रमुख वर्ग। मानव, हाथी तथा घोड़े का ऐतिहासिक विकास।

(ग) पौधे :—फौसिल वनस्पति, गोंडवाना वनस्पति के विशेष उल्लेख के साथ इसका महत्व और विभाजन।

(घ) सूक्ष्म-फासिल विज्ञान : फोरामिनिफेरिडस, उनकी इकोलोजी तथा पेलिओइकालोजी के विशेष सन्दर्भ में इसका महत्व।

6. आर्थिक भूविज्ञान, भारतीय खनिज भंडार खनिज समन्वेषण तथा खनिज अर्थशास्त्र

(क) आर्थिक भूविज्ञान :

खनिज भंडार—निर्माण प्रक्रिया स्थानीयकरण तथा परा-जेनिसिस का नियंत्रण। धातुक तथा अ-धातुक खनिजों का अध्ययन। ईंधन। औद्योगिक शिलाएं तथा खनिज रत्न तथा अर्द्धमूल्यवान खनिज।

(ख) भारतीय खनिज भंडार :

निम्नलिखित धातुओं तथा धातुकों और खनिजों के भारतीय भंडार, उनका वितरण, उद्गम और प्राप्ति प्रक्रिया।

(क) तांबा, सीसा, जस्ता, एल्यूमिनियम, मेग्नेसियम, लोहा, मैंगनीज, क्रोमियम, स्वर्ण, चांदी, टंगस्टन और मालबेडनम।

(ख) अभ्रक, वर्मीकुलाइट, एसबेसट्स, वैराइट्स, ग्रेफाइट, जिप्सम, गेरू, मूल्यवान तथा अर्द्ध मूल्यवान खनिज रेफरेक्ट्री, खनिज, अपधर्वी तथा खनिज मिट्टियां, सीसा, उर्वरक और सीमेंट उद्योग संबंधी खनिज रंग और रोगन तथा इमारती पत्थर।

(ग) कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, तथा परमाणु ऊर्जा खनिज।

(ग) खनिज समन्वेषण तथा खनिज अर्थशास्त्र :

(क) भूतल और भूगर्भीय समन्वेषण की विधियां, समन्वेषण में प्रयुक्त क्षेत्रगत-उपकरण तथा क्षेत्र परीक्षण, अयस्क भंडारों की खोज, नमूनाकरण निर्धारण पूर्वेक्षण मूल्यांकन संबंधी निर्देश तथा खनिज समन्वेषण में भू-भौतिकीय, भूरासायनिक और भूवनस्पति सर्वेक्षण।

(घ) राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में खनिजों का महत्व, खनिज तथा निर्माण उद्योगों में विभिन्न खनिजों का उपयोग, मांग और पूर्ति तथा स्थानापन्न वस्तुएं, भारत में मुख्य खनिजों का उत्पादन और मुख्य खनिज उद्योगों का अन्तर्राष्ट्रीय पहलु, सामरिक, नाजुक और मूल्यवान खनिज। भारत में खनिज रियायत नियमावली मूल सिद्धांत, संरक्षण तथा राष्ट्रीय खनिज नीति।

7. जल विज्ञान

जलीय-चक्र

भूसतह में जल का फैलाव जलीय चक्र और में भू-जल। भू-जल की उत्पति, उल्का, जुवेनिल और मैग्मैटिक जल, चट्टानों स्रोतों की जल धारण क्षमताओं के साथ उनका वर्गीकरण, जल परतों की इकाइयों, भू-जल स्थानों की भू-गर्भीय बनावट भू-जल क्षेत्री।

भू-जल भंडार-एक्वीकर, एक्यूलयूड, एक्यीटाईस।

शिलाओं का जलीय गुणधर्म (भूमिगत जलाशय) छिद्रलता, अनन्य अनुपात, प्रसरणशीलता, पारगम्यता, संचयशीलता।

विशिष्ट उत्पाद, विशिष्ट धारिता विसरण शीलता, बैरीकीटरी और भूकम्पीय क्षमता।

भूगर्भीय जलाशयों का वर्गीकरण—असीमित सीमत, सोतदार और सोतरहित जलाशय तटीय जलाशय।

भूगर्भीय जलाशय के गुणवर्गों की पहचान विधियां—कूप-उत्खनन विधियों और प्रयोगशाला तकनीकों से प्रसरणशीलता तथा विशिष्ट उत्पाद। संचयशीलता की परख। भूगर्भीय जल

के सचलन की शक्तिया—जल पटल, आधारमापी सतह, तरलतातत्व, घनत्व-अन्तर, जलीय रसायन (धात्विक) भू-गर्भीय जल सचलन के नियम डार्सी का नियम।

भूजल का पुनरसचलन—कृत्रिम तथा प्राकृतिक, रिचार्ज का नियत्रणकारी कारक, भूजल का सश्लेषक और क्षयकारी उपयोग।

भू-जल के समन्वेषण की ऊपरी भूगर्भीय विधिया।

भूवैज्ञानिक तथा भूभौतिक जल सतुलन भूगर्भीय जल निकासी की तकनीकें (कूपों के प्रकार, विभिन्न प्रकार की चट्टानों से अधिकतम जल प्राप्ति हेतु कूप-निर्माण विधिया)।

भूगर्भीय जल की रासायनिक विशेषताए और उसके विभिन्न उपयोग—घरेलू औद्योगिक सिचाई सबधी।

परिशिष्ट 2

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे मे विनियम

ये विनियम उम्मीदवारो की सुविधा के लिये प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अभीष्ट शारीरिक स्तर के है या नही। ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षको के लिये भी सामान्य निर्देश है तथा जो उम्मीदवार इन विनियमो मे निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओ को पूरा नही करता उसे स्वास्थ्य परीक्षक स्वस्थ घोषित नही कर सकेंगे। किन्तु किसी उम्मीदवार को इन विनियमो मे निर्धारित मानदड के अनुसार स्वस्थ न मानते हुए भी स्वास्थ्य-परीक्षा बोर्ड को इस बात की अनुमति होगी कि वह, लिखित रूप मे स्पष्ट कारण देते हुए, भारत सरकार से यह सिफारिश कर सके कि उक्त उम्मीदवार को सरकारी सेवा मे लिया जा सकता है और इससे सरकार को कोई हानि नही होगी।

किन्तु यह बात भली प्रकार समझ लेनी चाहिये कि भारत सरकार स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा। रक्षा सेवाओ मे अपग हुए भूतपूर्व सैनिकों तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध मे फौजी कारवाई के दौरान अपग हुए और परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए सीमा सुरक्षा दल के कर्मचारियो के लिये पदो की अपेक्षाओ के अनुरूप स्तर मे छूट दी जाएगी।

1 नियुक्ति के योग्य ठहराये जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ हो और उम्मीदवार में कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने मे बाधा पडने की सभावना हो।

2 भारतीय (एग्लो-इडियन सहित) मूल के उम्मीदवारो की आयु, कद और छाती के घेर के परस्पर सबध के बारे मे मेडिकल बोर्ड के ऊपर ही यह बात छोड दी गई है कि वह उम्मीदवारो की परीक्षा मे मार्ग-दर्शन के रूप मे जो भी परस्पर सबध के आकडे सब से अधिक उपयुक्त समझे व्यवहार मे लाए। यदि वजन, कद और छाती के घेर मे विषमता हो तो जाच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल मे रखना चाहिए और छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड किसी उम्मीदवार को योग्य अथवा अयोग्य घोषित करेगा।

3 उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि मे मापा जाएगा —

वह अपने जूते उतार देगा उसे माप-दण्ड से इस प्रकार सटा कर खडा किया जाएगा कि उसके पाव आपस मे जुडे रहे और उसका वजन, सिवाय एडियो के पैरो की उगलियो या किसी और हिस्से पर न पडे। वह बिना अकडे सीधा खडा होगा और उसकी एडिया, पिडलिया नितम्ब और कधे माप-दण्ड के साथ लगे होगे। उसकी ठोडी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (वर्टेक्स आफ दि हैड लेवल) हारिजेटल बार (आडी छड) के नीचे आ जाए। कद सेंटीमीटरो और आधी सेंटीमीटरो मे मापा जाएगा।

4 उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका इस प्रकार है —

उसे इस भाति सीधा खडा किया जाएगा कि उसके पाव जुडे हो और उसकी भुजाए सिर से ऊपर उठी हो। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि पीछे की ओर इसका ऊपरी किनारा कधो के निचले भाग से लगा रहे और यह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर वह उसी समानान्तर हालत मे रहे। फिर भुजाओ को नीचे किया जाएगा और उन्हे शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाए जिससे कि फीता हिल जाए। अब उम्मीदवार को कई बार लम्बी-लम्बी सास लेने के लिए कहा जाएगा और कम से कम तथा अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरो मे रिकार्ड किया जाएगा, 84-89, 86-93 5 आदि। माप को रिकार्ड करते समय आधे सेंटीमीटर के कम के अन्तर को नोट नही किया जाएगा।

ध्यान दें:—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार के कद और छाती की दो बार नाप की जाएगी।

5 उम्मीदवार का वजन भी लिया जाएगा और उसका वजन किलोग्रामो मे रिकार्ड किया जाएगा, आधे किलोग्राम से कम के वजन को नोट नही किया जाएगा।

6 उम्मीदवार की नजर की जाच निम्नलिखित नियमो के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जाच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा।

(1) **सामान्य** —किसी रोग या दोष का पता लगाने के लिये उम्मीदवार की आखो की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार की आखो मे भैंगापन है या आखो, पलको अथवा आस-पास की बनावट मे दोष है जिससे भविष्य मे किसी भी समय सेवा के लिये उसके अयोग्य होने की सभावना हो तो उम्मीदवार को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(ii) **दृष्टि की पकड़** (विजुअल एक्विटी) —दृष्टि की तीव्रता का निर्धारण करने के लिये दो जाचे की जाएगी, एक दूर की नजर के लिये और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आख की अलग से परीक्षा की जाएगी।

चश्मो के बिना (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नही होगी, किन्तु प्रत्येक केस मे मैडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा क्योकि इससे आख की हालत के बारे मे मूल सूचना (बेसिक इन्फारमेशन) मिल जाएगी।

चश्मे के साथ और चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा —

दूर की नजर		नजदीक की नजर	
अच्छी आख	खराब आख	अच्छी आख	खराब आख
6/9 या 6/6	6/9 6/12	0 6	0 8

नोट —(1) निकट दृष्टि की कुल मात्रा (सिलिडर समेत) 4 00 डी० से अधिक नही होगी। दीर्घ दृष्टि की कुल मात्रा (सिलिडर समेत) + 4.00 डी० से अधिक नही होगी।

नोट —(2) फडस परीक्षा—जब सभव होगी मेडिकल बोड की इच्छा पर फडस परीक्षा की जाएगी और परिणाम रिकार्ड किए जाएगे।

नोट —(3) कलर विजन—(i) रगो के सबध मे नजर की जाच जरूरी है।

(ii) नीचे दी गई तालिका के अनसार रगो का प्रत्यक्ष ज्ञान उच्चतर (हायर) और निम्नतर (लोअर) ग्रेडो मे होना चाहिए जो लेटर्न के द्वारक (एपर्चर) के आकार पर निर्भर हो।

ग्रेड	रग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उच्चतर ग्रेड	रग के प्रत्यक्ष ज्ञान का निम्नतर ग्रेड
1 लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	4 9 मीटर	4 9 मीटर
2 द्वारक (एपर्चर) का आकार	1 3 मि० मीटर	1 3 मि० मीटर
3 दिखाने का समय	5 सैकण्ड	5 सैकण्ड

जन सुरक्षा सबधित सेवाओ उदाहरणार्थ पाइलट, ड्राइवर गार्ड आदि के लिए वर्ण दृष्टि का उच्चतर ग्रेड अनिवार्य है परन्तु अन्य सेवाओ के लिए वर्ण दृष्टि का निम्न ग्रेड पर्याप्त समझा जा सकता है। वर्ण-दृष्टि के सही, मानक, ऐसे सभी इजीनियरी कार्मिको पर लागू होने चाहिए जिनके बारे मे वर्ण पहचान अनिवार्य समझा जाता हो, चाहे उनका सबध क्षेत्र ड्यटी से हो या न हो।

(iii) लाल सकेत, हरे सकेत और सफेद रग को आसानी और हिचकिचाहट के बिना पहचान लेना सतोषजनक कलर विजन है। इशिहारा प्लेटो के इस्तेमाल को जिन्हे एडिज ग्रीनकी लेट्रेन जैसी उपयुक्त लैटर्न और अच्छे रोशनी मे दिखाया जाता है कलर विजन की जाच करने के लिए बिल्कुल विश्वसनीय समझा जाएगा। वैसे तो दोनो जाचो मे से किसी भी एक जाच को साधारणतया पर्याप्त समझा जा सकता है। लेकिन सडक, रेल और हवाई यातायात से सबधित सेवाओ के लिए लैटर्न से जाच करना लाजमी है। शक वाले मामलो मे जब उम्मीदवार को किसी एक जाच करने पर अयोग्य पाया जाय तो दोनो ही तरीको से जाच करनी चाहिए।

नोट —(4) दृष्टि (फील्ड आफ विजन)—सभी सेवाओ के लिए सम्मुख विधि (कन्फ्रन्टेशन मैथड) द्वारा पुष्टि क्षेत्र की जाच की जाएगी। जब ऐसी जाच का नतीजा असतोषजनक या सदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को परमापी (पैरोमीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

नोट —(5) रतौधी (नाइट ब्लाइन्डनेस)—केवल विशेष मामलो को छोडकर रतौधी की जाच नेमी रूप से जरूरी नही है, रतौधी या अधेरे मे दिखाई न देने की जाच करने के लिये कोई नियत स्टैन्डर्ड टैस्ट नही है। मेडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिए जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अधेरे कमरे मे ले जाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध चीजो की पहचान करवा कर दृष्टि की पकड रिकार्ड करना। उम्मीदवारो के अपने कथनो पर पूर्ण विश्वास नही करना चाहिए किन्तु उन पर विचार अवश्य किया जाना चाहिए।

नोट —(6) दृष्टि की पकड से भिन्न आखों की अवस्थाए (आक्यूलर कडीशन्स) —

(क) आख की उन बीमारी को या बढती हुई वर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिफ्रेक्टिव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की पकड के कम होने की सभावना हो, अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ख) रोहे (ट्रेकोमा)—यदि रोहे जटिल न हो तो वे आमतौर से अयोग्यता का कारण नही होगे।

(ग) भैंगापन (स्क्विंट) —द्विनेत्री (बाइनाकुलर) दृष्टि का होना लाजिमी है। नियत स्टैन्डर्ड की दृष्टि की पकड होने पर भी भैंगापन को अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(घ) एक आख वाले व्यक्ति —नियुक्ति के लिए एक आख वाले व्यक्तियो की सिफारिश नही की जाती।

7 रक्त-चाप (ब्लड प्रैशर) —

ब्लड प्रैशर के सबध मे बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा। नार्मल उच्चतम सिस्टालिक प्रैशर के आकलन की काम चलाऊ विधि नीचे दी जाती है —

(1) 15 से 25 वर्ष के व्यक्तियो मे औसत ब्लड प्रैशर लगभग 100 जमा आयु होता है।

(ii) 25 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आकलन का सामान्य नियम यह है कि 110 में आधी आयु जोड़ दी जाए यह तरीका बिल्कुल संतोषजनक दिखाई पड़ता है।

ध्यान दें —सामान्य नियम के रूप में 140 से ऊपर से सिस्टालिक प्रेशर को और 90 से ऊपर के डायस्टालिक प्रेशर को सदिग्ध मान लेना चाहिए, और उम्मीदवार को योग्य या अयोग्य ठहराने के संबंध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखे। अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह पता लगना चाहिए कि घबराहट (एक्साइट-मेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला है या इसका कारण कोई शारीरिक (आर्गेनिक) बीमारी है। ऐसे सभी केसों में हृदय की एक्स-रे और इलैक्ट्रोकार्डियाग्राफिक परीक्षाएं और रक्त यूरिया निकास (क्लीयरेन्स) की जांच भी नेमी रूप से की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

रक्त-चाप (ब्लड प्रेशर) लेने की विधि

नियमत पारे वाले दाबमापी (मर्करी मैनो मीटर) किस्म का आला (इंस्ट्रुमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म के व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त चाप नहीं लेना चाहिए। रोगी बैठा या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेष कर उसकी भुजा शिथिल और आराम से हो। लगभग लेटी हुई स्थिति में रोगी के पार्श्व पर भुजा को आराम से सहारा दिया जाता है। भुजा पर से कंधे तक कपड़े उतार देने चाहिए। कफ से पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अन्दर की ओर रख कर और इसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समानान्तर लपेटना चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर न निकले।

कोहनी के मोड़ पर प्रगंड धमनी (ब्रेकिअल आर्टरी) को दबा-दबा कर ढूंढा जाता है और तब इसके ऊपर बीचो बीच स्टेथोस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एमएम हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है वह सिस्टालिक प्रेशर दर्शाता है। जब और हवा निकाली जाएगी तो ध्वनियां तेज सुनाई पड़ेंगी। जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की हवा हुई तो लुप्तप्राय हो जाए, वह डायस्टालिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर काफी थोड़ी अवधि में ही ले लेना चाहिए क्योंकि गलत हो जाता है। यदि दोबारा पड़ताल करनी जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकालकर कुछ मिनट के बाद ही ऐसा किया जाए। (कभी-कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती है दाब गिरने पर वे गायब हो जाती हैं और निम्नतर स्तर पर पुनः प्रकट हो जाती है। इस "साइलेंट-गैप" से रीडिंग में गलती हो सकती है)।

8 परीक्षक की उपस्थिति में किए गए मूत्र की परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रसायनिक तरीका द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड उसके दूसरे सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीस) के लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि कोई उम्मीदवार को ग्लूकोस मेह (ग्लाइकोसूरिआ) के सिवाय, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टेंडर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लुकोज मेह अमधुमेही (नान-डायबेटिक) हो और बोर्ड रोगी को मेडिकल के किसी ऐसे निर्दिष्ट विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला की सुविधाएं हों मेडिकल विशेषज्ञ स्टैंडर्ड ब्लड शुगर टालरेंस-टेस्ट समेत जो भी क्लिनिकल या लेबोरेटरी परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की "फिट" या "अनफिट" की अंतिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होता। औषधी के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में पूरी देख-रेख में रखा जाए।

